43वाँ
वार्षिक प्रतिवेदन

(1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2013 तक)

भाग–I

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

नई दिल्ली–110067

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ संख्या
प्रस्तावना	**1**
मुख्य बातें	**2**
शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश	**11**
शैक्षिक उपलब्धियां	**16**
जेएनयू में छात्र : नामाकंन, छात्रावास, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, खेलकूद, स्वास्थ्य केंद्र	**113**
समानता निर्धारण : आरक्षण, समान अवसर कार्यालय, भाषिक क्षमता विकास प्रकोष्ठ	**116**
अन्य प्रकोष्ठ और गतिविधियाँ : आईईआरबी, यौन उत्पीड़न के विरूद्ध जेंडर संवेदनशीलन समिति (जीएसकैश), पूर्व छात्रों से संबंधित मामले, अन्तरराष्ट्रीय सहयोग	**121**
केन्द्रीय सुविधाएं : पुस्तकालय, विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्रीकरण केन्द्र, उच्च यंत्रीकरण शोध सुविधा, विश्वविद्यालय रोजगार सूचना और मार्गदर्शन व्यूरो	**124**
विश्वविद्यालय प्रशासन	**126**
परिसर विकास	**129**
विश्वविद्यालय वित्त	**130**


OXFORD
National Conference on Dalit Art and Imagery:
Depiction, Protests and Aspiration through
Visual Imagery

JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
NEW DELHI, INDIA
JAWAHARLAL NEHRU UNIVERSITY
NEW DELHI, INDIA

प्रस्तावना

महान राजनेता और विचारक पं. जवाहरलाल नेहरू के राष्ट्रीय स्मारक के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1966 में की गई थी। विश्वविद्यालय का औपचारिक उद्घाटन 14 नवम्बर 1969 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरि द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

> 'अध्ययन, अनुसंधान और अपने संगठित जीवन के उदाहरण और प्रभाव द्वारा ज्ञान, प्रज्ञान एवं समझदारी का प्रसार व अभिवृद्धि करना तथा विशिष्टतः उन सिद्धान्तों की अभिवृद्धि का प्रयास करना, जिनके लिए जवाहरलाल नेहरू ने जीवन–पर्यन्त काम किया, जैसे – राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, जीवन की लोकतांत्रिक पद्धति, अन्तरराष्ट्रीय समझ और सामाजिक समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण।'

इस लक्ष्य की दिशा में, विश्वविद्यालय –

- भारत की सामासिक संस्कृति के संवर्धन के लिए ऐसे विभाग और संस्थान स्थापित करेगा जो भारत की भाषाओं, कलाओं और संस्कृति के अध्ययन तथा विकास के लिए अपेक्षित हों;
- सम्पूर्ण भारत से छात्रों और शिक्षकों को विश्वविद्यालय में सम्मिलित होने और उसके शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लेने की सुविधा देने के लिए विशेष उपाय करेगा;
- छात्रों और अध्यापकों में देश की सामाजिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता और बोध की अभिवृद्धि करते हुए उन्हें ऐसी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तैयार करेगा;
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समन्वित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष व्यवस्था करेगा;
- विश्वविद्यालय में अन्तर–विषयक अध्ययन के प्रोत्साहन के लिए समुचित उपाय करेगा;
- छात्रों में विश्वव्यापी दृष्टिकोण और अन्तरराष्ट्रीय समझ विकसित करने की दृष्टि से ऐसे विभाग या संस्थान स्थापित करेगा जो विदेशी भाषाओं, साहित्य और जीवन के अध्ययन के लिए आवश्यक हों; और
- विभिन्न देशों से आए छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों और गतिविधियों में भाग लेने हेतु सुविधाएं प्रदान करेगा।

43वें वार्षिक प्रतिवेदन के भाग–1 में विश्वविद्यालय के संस्थानों, केन्द्रों और अन्य निकायों की गतिविधियों का 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2013 तक का विवरण दिया गया है। प्रतिवेदन के भाग–2 में गतिविधियों का विस्तृत विवरण शामिल है।

मुख्य बातें

वर्ष 2012–13 विश्वविद्यालय के लिए महत्त्वपूर्ण रहा। विश्वविद्यालय ने पहली बार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए गठित स्वायत्त निकाय – नेशनल असेसमेंट ऐंड एक्रीडिएशन काउंसिल (नाक) द्वारा मूल्यांकन कराने के लिए अनुरोध किया। 'नाक पीर टीम' ने विश्वविद्यालय के कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए 18–20 जून 2012 के दौरान विश्वविद्यालय का दौरा किया और नाक ने विश्वविद्यालय को ग्रेड 'ए' तथा 3.91/4.00 सीजीपीए प्रदान किया। यह देश में उच्चतम स्कोर है। यह एक्रीडिएशन पाँच वर्ष के लिए मान्य है। विश्वविद्यालय को अपने कार्यों और उपलब्धियों के इस मूल्यांकन पर गर्व है। यह महत्त्वपूर्ण है कि हम सामाजिक बराबरी के साथ अर्थपूर्ण शैक्षिक विशेषता के लिए जेएनयू की स्थापना हेतु प्रेरित करने वाले लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मानकों में बदलाव हेतु लगातार प्रयासरत हैं।

विश्वविद्यालय के सभी वर्गों – इसके सभी हितधारियों, कर्मचारियों, प्रशासकों, शिक्षकों और छात्रों – की नाक के एक्रीडिएशन और मूल्यांकन में महत्त्वूपर्ण भूमिका रही है। हमें इन हितधारियों के सभी ग्रुपों का सम्मान करना चाहिए जिन्होंने अपने–अपने क्षेत्रों में निष्पादन और सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उनकी उपलब्धियां ऊँचाईयों को छूने के लिए प्रेरक हैं।

विश्वविद्यालय को निम्नलिखित शिक्षकों पर गर्व है जिन्हें इस वर्ष सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं –

प्रो. अन्विता अब्बी, भाषाविज्ञान केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान को भारत की संकट में और विलुप्त हो रही भाषाओं के अध्ययन में उनके योगदान के लिए वर्ष 2013 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार 'पदमश्री' प्राप्त हुआ। यह भी गौरव की बात है कि हमारे पूर्व कुलाधिपति **प्रो. यशपाल** को इस वर्ष पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ। **डा. सुमन कुमार धर**, विशिष्ट आणविक चिकित्साशास्त्र केंद्र, को जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान (अंडरस्टेंडिंग आफ द यूनिक करेट्रेस्टिक्स आफ डीएनए रिप्लिकेशन ऐंड सेल साइकिल रेग्युलेशन इन टु मेडिकली इंपोर्टेंट पेथोजीन्स, प्लाजमोडियम, फेलसिपरम ऐंड हेलीकोबेक्टर प्लोरी) के लिए वर्ष 2012 का विज्ञान और प्रौद्योगिकी में शांतिभूषण भट्टनागर पुरस्कार प्राप्त हुआ। **प्रो. एच.एस. शिवप्रकाश**, कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान, को अपने कविता संग्रह – *Mabbina Haage Kaniveyaasi* के लिए कन्नड़ साहित्य 2012 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। **प्रो. आर.एन.के. बामजेई**, जीवन विज्ञान संस्थान, को भारतीय ह्यूमन जेनेटिक्स सोसायटी से भारत में ह्यूमन जेनेटिक्स शोध में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्व. एल.डी. सिंघवी ओरेसन पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार वर्ष 2012 में सोसायटी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित 38वें वार्षिक सम्मेलन में प्रदान किया गया। **डा. मुजिबुर रहमान**, अरबी और अफ्रीकी अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, को उनके भारत में अरबी भाषा और साहित्य के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए 19 जून 2012 को माननीय भारत के राष्ट्रपति से 'महर्षि बदरायन व्यास' सम्मान प्राप्त हुआ।

अन्य शिक्षकों को कई महत्त्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए – विजिटिंग प्रोफेसरशिप, इंडियन स्टडीज चेयर और आईसीसीआर द्वारा स्थापित टैगोर चेयर सहित, और अध्येतावृत्तियां। इनमें से कुछ उल्लेखनीय हैं – **प्रो. शिवप्रकाश** बर्लिन में टैगोर चेयर पर कार्यरत हैं; **प्रो. चिंतामणि महापात्रा**, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, यूनान यूनिवर्सिटी, चीन में सितम्बर से दिसम्बर 2012 तक टैगोर चेयर पर रहे; **डा. एच. जैकब**, आस्ट्रेलिया इंडिया इंस्टीट्यूट, मेलबोर्न यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया द्वारा एमर्जिंग लीडर फेलो 2013 चुने गए; **प्रो. के.जे. मुखर्जी** को केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, यूके में 1 अक्टूबर 2012 से 31 दिसम्बर 2012 तक के लिए यूजीसी कॉमनवैल्थ स्टाफ अकादमिक फेलोशिप प्रदान की गई; **डा. वाई.एस. अलोन** को शेनझेन यूनिवर्सिटी, चीन में अक्टूबर 2012 से जनवरी 2013 तक एक सत्र की अवधि के लिए आईसीसीआर चेयर विजिटिंग प्रोफेसर नामित किया गया; **डा. प्रदीप्त बन्दोपाध्याय** को केमिकल सोसायटी आफ जापान से प्रतिष्ठित लेक्चरर्शिप अवार्ड 2013 प्राप्त हुआ; **प्रो. उपेन्द्र राव**, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केंद्र, को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, काशी से उनके संस्कृत अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कादम्बरी पुरस्कार प्राप्त हुआ; **प्रो. रेखा राजन**, जर्मन अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, को 2012–2013 के लिए अम्बेसडर साइंटिस्ट आफ द अलेक्जेंडर वान हम्बोल्ट फांउडेशन आफ जर्मनी नियुक्त किया गया; **डा. नमन पी आहूजा**, कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान, को वार्सेलोना में म्यूजियम आफ वर्ल्ड कल्चर्स के भारतीय अनुभाग के औचित्य पर केटेलोनिया सरकार, स्पेन को सलाह/परामर्श

देने के लिए आमंत्रित किया गया; राजनीतिक अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान से **डा. अमीर अली** को 2012–2013 में सेंट एंथनी कालेज, यूनिवर्सिटी आफ आक्सफोर्ड में अगाथा हेरिसन मेमोरियल फेलो के रूप में चुना गया और **प्रो. वी. रोड्रिग्स**, अप्रैल–जुलाई 2012 के लिए इरफुर्ट यूनिवर्सिटी, जर्मनी में आईसीसीआर विजिटिंग प्रोफेसर रहे, जबकि **डा. रिंकू लाम्बा** को सेंटर फार स्टडीज इन रीलिजन ऐंड सोसायटी, यूनिवर्सिटी आफ विक्टोरिया, कनाडा में अगस्त–दिसम्बर 2012 के लिए हारोल्ड कोवार्ड इंडिया रिसर्च फेलोशिप प्रदान की गई; क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान **डा. दीपक के. मिश्रा** को इंटरनेशनल सेंटर फार साउथ एशियन स्टडीज, रशियन स्टेट यूनिवर्सिटी फार द ह्यूमेनिटीज, मास्को में फरवरी–जून 2012 के लिए आईसीसीआर चेयर प्रोफेसर नियुक्त किया गया; प्रो. पी.एम. कुलकर्णी को डिपार्टमेंट आफ इंटरनेशनल डिवलपमेंट, लंदन स्कूल आफ इकोनामिक्स में रूथ ग्लास विजिटिंग फेलोशिप प्राप्त हुई, **एस. सिन्हा** को डेकन ज्योग्राफिकल सोसायटी, पुणे से वर्ष 2012 के लिए भूगोल भूषण पुरस्कार प्राप्त हुआ, और **प्रो. एस. राजू** को एशियन ज्योग्राफी के शोध और शिक्षण में उल्लेखनीय योगदान के लिए एसोसिएशन आफ अमेरिकन ज्योग्राफर्स 2012, न्यूयार्क, यूएसए से एशियन ज्योग्राफी स्पेशियल्टी ग्रुप सर्विस अवार्ड प्राप्त हुआ; विज्ञान नीति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान में **रोहन डीसूजा** 2012 में यूनिवर्सिटी आफ टोक्यो, जापान में कंटेम्पोरेरि इंडियन स्टडीज के आईसीसीआर विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में चुने गए; जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान से **बिनोद खादरिया** को इंडिया टुडे ग्रुप से नेशनल एज्यूकेशन लीडरशिप अवार्ड 2012 प्राप्त हुआ; हमारे कई शिक्षकों को प्रतिष्ठित यात्रा अनुदान और अध्येतावृत्तियां प्राप्त हुईं तथा कई शिक्षक विश्व के कई बड़े विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर रहे, कई शिक्षक भारत के योजना आयोग सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ कार्य करते रहे, जबकि कई शिक्षक अन्य विश्वविद्यालयों में कुलपति के रूप में कार्य कर रहे हैं।

हमारे छात्रों ने भी हमें गौरवान्वित किया है, और वे सामाजिक बदलाव के लिए आन्दोलनों में आगे रहने के अलावा वे शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी पुरस्कृत हुए हैं। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत रहने के दौरान उनके सृजनात्मक लेखन में भी प्रगति हुई है। अंग्रेजी अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान से **सामी अहमद खान** को उनके उपन्यास *रेड जिहाद* (रूपा, 2012) के लिए सर्वोत्तम उपन्यासकार के रूप में एनबीटी पुरस्कार प्राप्त हुआ और इसी केंद्र की **दिव्या नायर** को 2012 में मलायम में सर्वोत्तम युवा कवयित्री के लिए अयप्पा पणिकर फाउंडेशन पुरस्कार प्राप्त हुआ। **दिव्या गोयल**, जैव प्रौद्योगिकी संस्थान को वर्ष 2012 में संघाई में एडवर्ड जेनर पुरस्कार प्राप्त हुआ और इसी संस्थान के **मनीष के. जैन** को वर्ष 2013 में मुम्बई विश्वविद्यालय में इंडियन बायोफिजिक्स सोसायटी की बैठक में सर्वोत्तम पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ। **दीपक अस्थाना**, भौतिक विज्ञान संस्थान को भी दिसम्बर 2012 में एनडीसीएस, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में सवोत्तम पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ। **राहुल देव,** कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान, को 2012–2013 के लिए बिहार कला सम्मान, कला, संस्कृति और युवा विभाग, बिहार सरकार से कला, आलोचना और लेखन के लिए दिनकर पुरस्कार (युवा) प्राप्त हुआ, जबकि इसी संस्थान की **अभिजा घोष** को सितम्बर–अक्टूबर 2012 के दौरान ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट और फिल्म सोसायटी मूवमेंट परियोजना पर कार्य करने के लिए चार्ल्स वालेस फेलोशिप प्राप्त हुई। कला और सौन्दयशास्त्र संस्थान से ही **वरूणिका सर्राफ** को समर रिसर्च अकादमी, गेटी रिसर्च इंस्टीट्यूट, लॉस एंजलिस, अगस्त 2012 में भाग लेने के लिए अध्येतावृत्ति और अक्टूबर–दिसम्बर 2012 में सेंटर आफ साउथ एशियन स्टडीज, केम्ब्रिज में चार्ल्स

वेलेस इंडिया ट्रस्ट फेलोशिप प्राप्त हुई। **आशुतोष सिंह,** जीवन विज्ञान संस्थान, 2013 में अमेरिकन सोसायटी आफ माइक्रोबायोलाजी, यूएसए के लिए एएसएम यंग अम्बेसडर नियुक्त किए गए, और इसी संस्थान से **मनप्रीत कौर रवास** को कार्ल स्ट्रोम इंटरनेशनल डायवर्सिटी फेलोशिप प्रदान की गई, **दीपक कुमार सिंह** को 2012 में आईएसओए में और 2012 में नेहू, शिलांग में आयोजित एसोसिएशन आफ ज्योग्राफर्स, इंडिया के 16वें सम्मेलन में सर्वोत्तम पोस्टर प्रस्तुत करने के लिए पुरस्कार प्राप्त हुए, **जितेन्द्र कुमार चौधरी** को 2012 में आईवीआरआई, बरेली में स्टेम सेल रिसर्च ऐंड थेराप्युटिक्स, आईएसएसआरएफ शीर्षक राष्ट्रीय कार्यशाला में सर्वोत्तम वैज्ञानिक शोध प्रस्तुति के लिए यंग इनवेस्टिगेटर पुरस्कार और 15 जून से 26 अगस्त 2012 तक आरकाइव्र्स लिग, यूएसए द्वारा आयोजित एडवांस्ड इंटरनेशनल साइंटिफिक राइटिंग कोर्स–2012 में पहला स्थान (A+, 1183/1200) प्राप्त हुआ और **सुखलीन कौर** को वर्ष 2013 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित एमर्जिंग ट्रेंड्स ऐंड चेलेंजिज इन बेसिक ऐंड ट्रांसलेशनल रिसर्च इन बायोकेमिस्ट्री शीर्षक राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वोत्तम पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ।

विश्वविद्यालय में आए अतिथि

विश्वविद्यालय की एक प्रमुख शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत कई प्रतिष्ठित विद्वानों ने विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में विभिन्न संस्थानों और केंद्रों में व्याख्यान दिए, सम्मेलनों में और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया। प्रतिष्ठित विद्वानों के शैक्षिक दौरों के अतिरिक्त प्रमुख जाने–माने व्यक्तियों ने भी विश्वविद्यालय का दौरा किया। इनमें प्रमुख हैं – रूसी रेल मंत्री श्री वलादीमीर याकुनिन, भारत सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री मुकुल वासनिक, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (डा. कलाम ने 9वां वार्षिक नेहरू स्मारक व्याख्यान दिया) और भारत के उप राष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी, जिन्होंने पहला जी. पार्थासारथी व्याख्यान दिया।

शिक्षक

जेएनयू में लगभग 478 शिक्षक हैं। छात्रों की तरह शिक्षक भी हमारे देश की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुल शिक्षकों में से लगभग एक चौथाई महिला शिक्षक हैं। पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है :

वर्तमान संख्या (31.3.2013 को)	478	पुरुष महिला	324 154

प्रोफेसर	एसोसिएट प्रोफेसर	सहायक प्रोफेसर
222	108	148

प्रोफेसर इमेरिटस	मानद प्रोफेसर
19	04

विश्वविद्यालय की मुख्य विशेषता इसके शिक्षकों द्वारा विकसित किए गए नवीनतम अध्ययन पाठ्यक्रम और कोर्स हैं। शिक्षक अपने परम्परागत विशेषीकृत क्षेत्रों की सीमाओं के पार शिक्षण, मार्ग–दर्शन और शोध के अतिरिक्त, पुस्तकों के लेखन, संपादन और पुस्तकों के लिए अध्याय लेखन, शोध आलेख प्रकाशित करने, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन और कार्यशालाएं आयोजित करने और इनमें भाग लेने, व्याख्यान देने और शोध परियोजनाओं के प्रबंधन में भी संलग्न रहे। वर्ष 2012–2013 के दौरान उनकी संयुक्त उपलब्धियाँ निम्नलिखित थीं :

• पुस्तकें	101
• पुस्तकों में प्रकाशित अध्याय	252
• पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख	560
• संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रतिभागिता	1305
• विश्वविद्यालय से बाहर दिए गए व्याख्यान	842
• शोध परियोजनाएं	342

विश्वविद्यालय विदेशी भाषाओं और साहित्य सहित समाज विज्ञान, अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, और मानविकी में कई प्रसिद्ध पत्रिकाएं प्रकाशित करता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के समाचारों के लिए एक प्रकाशन है। विश्वविद्यालय ने हिंदी पत्रिका 'जेएनयू परिसर' का प्रकाशन शुरू करके एक नई पहल की है।



छात्र

विश्वविद्यालय में देश के सभी भागों से छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। ये छात्र भारतीय समाज की भाषिक, धार्मिक, जातिगत और आर्थिक भिन्नता को दर्शाते हैं। इस संबंध में वर्ष 2012–2013 के आंकड़े नीचे दिए गए हैं। छात्र–शिक्षकों का अनुपात 16 : 1 है।

जेंडर प्रोफाइल	सोशल प्रोफाइल	पाठ्यक्रम
• पुरुष 4054	• अनुसूचित जाति 1058	• शोध (एम.फिल.,पी–एच.डी./एम.टेक., पी–एच.डी./सीधे पी–एच.डी.) 4609
• महिला 3623	• अनुसूचित जनजाति 632	• स्नातकोत्तर (एम.ए./एम–एस.सी./एम.सी.ए.) 2113
	• अन्य पिछड़ा वर्ग 1948	• पूर्व स्नातक (बी.ए. ऑनर्स) 837
	• शारीरिक रूप से विकलांग 179	• अंश कालिक (पूर्व स्नातक स्तर) 118
	• अन्य 3563	
	• विदेशी छात्र 297	
कुल 7677		

प्रवेश 2012–2013

विश्वविद्यालय छात्रों को प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है। यह प्रवेश परीक्षा देश के विभिन्न भागों में स्थित 70 केन्द्रों और एक विदेश में स्थित केन्द्र – काठमांडु (नेपाल) में आयोजित की जाती है। प्रवेश संबंधी सूचना अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के सभी मुख्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में दी जाती है। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रवेश प्रत्येक अध्ययन पाठ्यक्रम में उपलब्ध सीटों की निश्चित संख्या के आधार पर दिया जाता है।

विश्वविद्यालय जेएनयू सहित 48 संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए एम–एस.सी. (जैव–प्रौद्योगिकी), एम–एस.सी. कृषि/एम.वी.एस.सी. और एम.टेक. (जैव प्रौद्योगिकी) में संयुक्त प्रवेश परीक्षा भी आयोजित करता है।

शैक्षिक वर्ष 2012–2013 के दौरान दाखिल छात्रों की संख्या का विवरण :

क. एम.फिल./एम.टेक./एम.पी.एच./पी–एच.डी.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	78	28	32	09	54	201
सामाजिक विज्ञान संस्थान	135	52	35	10	75	307
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	71	23	13	06	71	184
जीवन विज्ञान संस्थान	09	03	02	02	10	26
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	10	03	02	–	13	28
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	08	03	01	01	08	21
जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान	02	01	–	–	01	04
भौतिक विज्ञान संस्थान	03	02	–	–	06	11
संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान	09	07	02	–	16	34
आणविक चिकित्साशास्त्र विशेष केन्द्र	01	02	–	–	02	05
कला और सौंदर्यशास्त्र संस्थान	12	04	03	01	06	26
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	03	04	03	–	06	16
विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र	11	04	01	02	04	22
कुल	**352**	**136**	**94**	**31**	**272**	**885**

ख. एम.ए./एम.एस–सी./एम.सी.ए.

संस्थान/केन्द्र	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	66	18	14	05	40	143
सामाजिक विज्ञान संस्थान	150	53	36	12	109	360
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	83	21	14	04	53	175
जीवन विज्ञान संस्थान	12	06	02	–	10	30
कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान	10	03	03	–	08	24
पर्यावरण विज्ञान संस्थान	10	04	01	01	08	24
जैव प्रौद्योगिकी संस्थान	–	–	–	–	–	–
भौतिक विज्ञान संस्थान	14	05	03	01	10	33
संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान	–	–	–	–	–	–
आणविक चिकित्सा शास्त्र केंद्र	–	–	–	–	–	–
कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान	14	04	02	–	05	25
संस्कृत अध्ययन केन्द्र	10	06	02	02	10	30
विधि और अभिशासन अध्ययन केंद्र	–	–	–	–	–	–
कुल	**369**	**120**	**77**	**25**	**253**	**844**

ग. बी.ए. (ऑनर्स)

संस्थान	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान	114	63	30	10	139	356
कुल	114	63	30	10	139	356

घ. अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान	सामान्य	अ.जा.	अ.ज.जा.	शारी. रूप से विक.	अ.पि.व.	कुल
प्रवीणता प्रमाण–पत्र	66	02	02	14	–	84
प्रवीणता डिप्लोमा	20	04	–	06	–	30
उच्च प्रवीणता डिप्लोमा	29	01	–	14	–	44
कुल	**115**	**07**	**02**	**34**	–	**158**

वर्ष 2010–2011 और 2012 के दौरान छात्रों को दिए गए प्रवेश का तुलनात्मक ग्राफ निम्न प्रकार से हैं –

पाठ्यक्रम वार उम्मीदवारों की संख्या



	2010	2011	2012
एम.फिल. / पी–एच.डी.	814	818	885
एमए / एमएस–सी / एमसीए	747	782	844
बी.ए. (ऑनर्स)	327	335	356

प्रवेश–परीक्षा में बैठे / प्रस्ताव भेजे / प्रवेश लिया



	2010	2011	2012
✦प्रवेश हेतु भेजे गए कुल प्रस्ताव	2572	2647	2902
■प्रवेश लेने वाले कुल उम्मीदवार	1888	1935	2085
◆प्रवेश परीक्षा में बैठे कुल उम्मीदवार	77749	76453	68735

प्रवेश लेने वाले कुल विदेशी छात्र



	2010	2011	2012
प्रवेश लेने वाले कुल विदेशी छात्र	100	115	112
देशों की संख्या	32	35	22

प्राप्त किए गए आवेदन पत्र



	2010	2011	2012
कुल प्राप्त पूर्ण आवेदन पत्र	69779	70452	62162
विकल्प सहित आवेदन पत्र	104813	105039	99579

पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र

वर्ष 2012–2013 के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से स्नातक और शोध पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों की संख्या निम्न प्रकार से है –

प्रवीणता प्रमाण–पत्र / प्रवीणता डिप्लोमा / उच्च प्रवीणता डिप्लोमा	73
बी.ए. (ऑनर्स / पास)	246
एम.टेक.	45
एम.ए.	713
एम.एस–सी. / एम.सी.ए. / एम.पी.एच.	112
एम.फिल.	621
पी–एच.डी.	414

निम्नलिखित में हमारे मान्यता प्राप्त संस्थानों से उपाधियां प्राप्त कीं –

बी.ए. (ऑनर्स) / (पास) (मान्यता प्राप्त संस्थान)	268
बी.एस.–सी. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	284
बी.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	414
एम.टेक. (मान्यता प्राप्त संस्थान)	17
बी.एस–सी (कंप्यूटर विज्ञान)	189
कुल प्रदान की गई उपाधियों की संख्या 3396 थीं।	

पुस्तकालय

पुस्तकालय शैक्षिक समुदाय के लिए एक अनिवार्य सहायता है। पुस्तकालय के संग्रह में वृद्धि हो रही है और समीक्षाधीन अवधि के दौरान पुस्तकालय ने 5217 छपी हुई पुस्तकें और 1813 ई–पुस्तकें प्राप्त की तथा इन पर रू. 1.27 करोड़ और 80 लाख की राशि खर्च हुई। पुस्तकालय ने 1.75 लाख की 676 पुस्तकें उपहार स्वरूप प्राप्त कीं। पुस्तकालय के नवीकरण का कार्य चल रहा है और यह कैम्पस के लिए एक सांस्कृतिक हब बन गया है।

विश्वविद्यालय की शैक्षिक यूनिट

यह उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में दस संस्थान और चार विशेष केंद्र हैं। विश्वविद्यालय ने छः रक्षा और ग्यारह अनुसंधान और विकास संस्थानों को भी उपाधियाँ प्रदान करने के लिए मान्यता प्रदान की है। इन संस्थानों के प्रतिनिधि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक और सांविधिक निकायों में सदस्य के रूप में हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के शिक्षक भी इन संस्थानों के शैक्षिक निकायों में भाग लेते हैं। **यद्यपि, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से संबंधित शिक्षकों और छात्रों तथा उनकी उपलब्धियों आदि का विवरण प्रतिवेदन के इस भाग में शामिल नहीं किया गया है।**

मान्यता प्राप्त संस्थानों की सूची निम्न प्रकार से है –

रक्षा संस्थान

- सेना कैडेड महाविद्यालय, देहरादून
- सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, पुणे
- सेना इलेक्ट्रोनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरी महाविद्यालय, सिकंदराबाद
- सेना दूर–संचार इंजीनियरी महाविद्यालय, महू

– राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे
– नौ सेना इंजीनियरी महाविद्यालय, लोनावाला

अनुसंधान और विकास संस्थान

– कोशिकीय और अणु जीव–विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद
– विकास अध्ययन केन्द्र, तिरूवनन्तपुरम
– केंद्रीय औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
– सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल ऐंड ऐरोमेटिक प्लांट, लखनऊ
– सूक्ष्म जैविक प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़
– अन्तरराष्ट्रीय आनुवंशिकी इंजीनियरी तथा जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली
– राष्ट्रीय प्रतिरक्षा–विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
– अंतर–विश्वविद्यालय त्वरित केन्द्र, नई दिल्ली
– रमण अनुसंधान संस्थान, बंगलुरु
– राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली.
– भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, ट्राम्बे, मुम्बई

संस्थानों और केंद्रों के अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में अकादमिक स्टाफ कालेज और जवाहरलाल नेहरू उच्च अध्ययन संस्थान भी हैं।

विश्वविद्यालय निकाय

विश्वविद्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से संचालन करने के लिए विश्वविद्यालय कोर्ट, विद्या परिषद, कार्य परिषद और वित्त समिति जैसे निकाय हैं।

विश्वविद्यालय कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है। इसकी बैठक वर्ष में एक बार कार्य परिषद द्वारा निर्धारित तिथि को होती है, जिसमें विश्वविद्यालय की पिछले वर्ष की गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट, प्राप्ति और व्यय के विवरण, लेखा–परीक्षित तुलन–पत्र और अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट पर विचार किया जाता है। विश्वविद्यालय कोर्ट को कार्य परिषद् और विद्या परिषद् के कार्यों की समीक्षा करने का अधिकार उन परिस्थितियों में है, जब इन परिषदों ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप कार्य न किया हो।

विश्वविद्यालय कोर्ट की बैठक — **4 दिसम्बर 2012**

विश्वविद्यालय कोर्ट की पिछली वार्षिक बैठक 04 दिसम्बर, 2012 को हुई। इसमें विश्वविद्यालय की गतिविधियों पर 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2011–12 का लेखा–परीक्षित प्राप्ति और व्यय का विवरण तथा परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण और वित्तीय वर्ष 2012–2013 का बजट भी प्राप्त किया।

कार्य परिषद्

कार्य परिषद् विश्वविद्यालय की कार्य निकाय है और इसे चयन समितियों की सिफारिशों के आधार पर शिक्षकों और अन्य ग्रुप ए के अधिकारियों की नियुक्ति, उनकी परिलब्धियां और उनकी ड्यूटी निश्चित करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। कार्य परिषद को विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेशों के अन्तर्गत शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ के बीच अनुशासन बनाए रखने तथा विश्वविद्यालय के वित्त, लेखाओं और अन्य प्रशासनिक मामलों का प्रबंध और विनिमय करने की शक्तियां प्राप्त हैं।

कार्य परिषद की बैठकें — **11मई, 2012,**
— **20 नवम्बर, 2012**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्य परिषद ने अनेक प्रशासनिक और शैक्षिक मामलों पर विमर्श किया और उन पर महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए। इसके अतिरिक्त, परिषद ने संविधियों/अध्यादेशों के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलपति द्वारा कुछ अत्यावश्यक प्रकृति के मामलों पर लिए गए निर्णयों पर विचार करते हुए उनका अनुमोदन भी किया। परिषद ने शिक्षण और गैर–शिक्षण स्टाफ की नियुक्तियों के लिए विभिन्न चयन समितियों की सिफारिशों पर कुलपति द्वारा किए गए अनुमोदनों का भी अनुमोदन किया।

विद्या परिषद्

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय की शैक्षिक निकाय है। विद्या परिषद् को अन्य के साथ–साथ विभाग, विशेष केंद्र, विशेषीकृत प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए कार्य परिषद को सुझाव देने की शक्तियां प्राप्त हैं। विद्या परिषद को शैक्षिक पदों के सृजन और समाप्त करने, उनका वर्गीकरण करने, प्रवेश और परीक्षाओं पर मसौदा अध्यादेश तैयार करने, परीक्षकों की नियुक्ति और उनके शुल्क का निर्धारण करने, मानद उपाधियां प्रदान करने और अध्येतावृत्तियां, छात्रवृत्तियां आदि स्थापित करने के लिए कार्य परिषद को सिफारिश करने की शक्तियां प्राप्त हैं। विद्या परिषद को अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के डिप्लोमा और डिग्रियों को मान्यता प्रदान करने, विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु समितियां गठित करने, परीक्षाओं के आयोजन और उन्हें आयोजित करने की तिथि निर्धारित करने और विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने आदि की व्यवस्था करने की भी शक्ति प्राप्त है।

विद्या परिषद की बैठकें — **30 अक्टूबर, 2012**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान विद्या परिषद् ने अपनी बैठक में विभिन्न संस्थानों से सदस्यों को सहयोजित किया, विभिन्न संस्थानों /विशेष केन्द्रों के अध्ययन मण्डलों/विशेष समितियों में शिक्षकों/विशेषज्ञों को नामित किया और परिषद् ने विश्वविद्यालय में वर्ष 2012–2013 के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित तथ्यात्मक डाटा भी प्राप्त किया।

वित्त समिति

वित्त समिति विश्वविद्यालय की सांविधिक निकाय है। यह समिति विश्वविद्यालय के बजट तथा व्यय प्रस्तावों, नए/अतिरिक्त पदों से संबंधित सभी प्रस्तावों, लेखाओं, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट और अन्य वित्तीय एवं लेखाओं से संबंधित मामलों पर विचार करती है। इसकी सिफारिशें कार्य परिषद् के अनुमोदन के लिए भेजी जाती हैं।

वित्त समिति की बैठकें — **26 जून, 2012**
— **16 नवम्बर, 2012**

वित्त समिति ने विश्वविद्यालय के वर्ष 2012–2013 के लिए 'अनुरक्षण खाते' में 20,123.60 लाख रुपये के संशोधित आकलनों को मंजूरी दी।

शैक्षिक कार्यक्रम और प्रवेश

अध्ययन पाठ्यक्रम

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, विश्वविद्यालय ने 71 विषयों में पी–एच.डी., एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./ पी–एच.डी. और एम.पी.एच/पी–एच.डी. पाठ्यक्रम चलाए।

05 विषयों में एम.एस–सी./एम.सी.ए., 24 विषयों में स्नातकोत्तर तथा 9 विदेशी भाषाओं में स्नातक पाठ्यक्रम (प्रथम और द्वितीय वर्ष) चलाए। इनके अतिरिक्त, विभिन्न भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और उच्च डिप्लोमा कोर्स भी चलाए।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों/केन्द्रों द्वारा निम्नलिखित अध्ययन पाठ्यक्रम चलाए गए :

कला और सौन्दर्य–शास्त्र संस्थान

- एम. फिल/पी–एच. डी.
- एम. ए.

कंप्यूटर और पद्धति–विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी.
- एम.टेक./पी–एच.डी. (कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी)
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) : 3–वर्षीय पाठ्यक्रम

पर्यावरण विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी.
- एम.एस–सी. – पर्यावरण विज्ञान में : यह पाठ्यक्रम वायुमंडलीय, भूमि, प्रदूषण और जीव–विज्ञानों के क्षेत्र में विशेषीकरण के साथ।

अन्तरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : अन्तरराष्ट्रीय राजनीति, अन्तरराष्ट्रीय संगठन, राजनीतिक भूगोल, राजनयिक और निरस्त्रीकरण, अन्तरराष्ट्रीय विधि अध्ययन, अन्तरराष्ट्रीय व्यापार और विकास, दक्षिण एशियाई अध्ययन, दक्षिण–पूर्व एशियाई और दक्षिण–पश्चिम महासागरीय अध्ययन, मध्य एशियाई अध्ययन, चीनी अध्ययन, जापानी अध्ययन और कोरियाई अध्ययन, पश्चिमी एशियाई अध्ययन, अफ्रीकी अध्ययन, अमरीकी अध्ययन, लेटिन अमरीकी अध्ययन, यूरोपीय अध्ययन, कनाडियन अध्ययन तथा रूसी और मध्य एशियाई अध्ययन में।
- एम.ए. राजनीति (अन्तरराष्ट्रीय सम्बन्धों में विशेषीकरण के साथ)
- एम.ए. अर्थशास्त्र (विश्व अर्थव्यवस्था में विशेषीकरण के साथ)

संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान

- एम.टेक. : कंप्यूटेशनल ऐंड सिस्टम्स बायोलॉजी में
- प्री पी–एच.डी./पी–एच.डी. : कंप्यूटेशनल बायोलॉजी ऐंड बायोइनफॉर्मेटिक्स में

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, हिन्दी, हिन्दी अनुवाद, भाषा–विज्ञान, तमिल, फारसी, रूसी, स्पेनी और उर्दू में।
- एम.फिल. : पुर्तगाली में।
- एम.ए. : अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, जापानी, कोरियाई, भाषा–विज्ञान, फारसी, रूसी, स्पेनी और उर्दू में।
- बी.ए. (ऑनर्स) : अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी, कोरियाई, फारसी, रूसी और स्पेनी (प्रथम और द्वितीय वर्ष में प्रवेश सहित) में।

अंशकालिक पाठ्यक्रम

- जन–संचार माध्यम में उच्च डिप्लोमा (उर्दू)
- पश्तो में उच्च प्रवीणता डिप्लोमा
- भाषा इंदोनेशिया और पश्तो में प्रवीणता डिप्लोमा।
- भाषा इंदोनेशिया, मंगोली, पश्तो और उर्दू में प्रवीणता प्रमाण पत्र।

जीवन विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी.
- एम.एस–सी. – जीवन विज्ञान में।

भौतिक विज्ञान संस्थान

- प्री पी–एच.डी./पी–एच.डी. : भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/गणितीय विज्ञान में।
- एम.एस–सी. – भौतिक–विज्ञान में : इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन–विज्ञान और गणित स्ट्रीम के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

सामाजिक विज्ञान संस्थान

- एम.फिल./पी–एच.डी. : आर्थिक अध्ययन और नियोजन; शैक्षिक अध्ययन (मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा का इतिहास); ऐतिहासिक अध्ययन; राजनीतिक अध्ययन; क्षेत्रीय विकास (भूगोल, अर्थशास्त्र और जनसंख्या अध्ययन); सामाजिक पद्धति; सामाजिक चिकित्सा–शास्त्र और सामुदायिक स्वास्थ्य; विज्ञान नीति और दर्शन शास्त्र में शैक्षिक वर्ष 2013–2014 से महिला अध्ययन में एम.फिल./पी–एच.डी.।

- जन–स्वास्थ्य स्नातकोत्तर (एम.पी.एच.)/पी–एच.डी. : सामाजिक चिकित्सा, सामुदायिक स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग के तीन प्रमुख क्षेत्रों में।
- एम.ए. – : अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र में।

जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान

- प्री–पी–एच.डी./पी–एच.डी.
- एम.एस–सी.

विधि और अभिशासन अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी.

विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र

- एम.फिल./पी–एच.डी.
- एम.ए.

विशिष्ट आणविक चिकित्सा–शास्त्र केन्द्र

- प्री–पी–एच.डी./पी–एच.डी.

शैक्षिक सत्र 2012–2013 (प्रवेश और छात्रों की संख्या)

विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित 71 केन्द्रों पर 22 से 25, मई 2012 तक जे.एन.यू. प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई। ये 30 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश हैं – आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड, उड़ीसा, पांडिचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, तमिलनाडु, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। इनके अतिरिक्त, सार्क देश में स्थित एक केंद्र – काठमांडू (नेपाल) – में भी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की गई।

1) पूर्ण रूप से भरे हुए 62,162 (51,734 आन लाइन और 10,428 ओएमआर के माध्यम से) आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। उम्मीद्वारों द्वारा अपने आवेदन–पत्रों में विभिन्न विषयों/अध्ययन पाठ्यक्रमों के लिए भरे गए विकल्पों के आधार पर यह संख्या बढ़कर 99,579 हो गई।

2) उम्मीदवारों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के आधार पर 2,902 उम्मीद्वारों को प्रवेश प्रस्ताव भेजे गए। इनमें से 2,085 उम्मीद्वारों ने विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया।

3) 22.5% (अ.जा. 15% और अ.ज.जा. 7.5%) आरक्षित सीटों में से 21.57% (अ.जा. 13.68% और अ.ज.जा. 7.89%) उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

4) शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए 3% आरक्षित सीटों में से 2.45% उम्मीद्वारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

5) विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 2,085 उम्मीद्वारों में :

- 885 उम्मीद्वारों ने एम.फिल./पी–एच.डी., एम.टेक./पी–एच.डी., प्री–पी–एच.डी./पी–एच.डी., एम.पी.एच./पी–एच.डी. और 844 उम्मीद्वारों ने एम.ए./ एम.एस–सी./एम.सी.ए. और शेष 356 उम्मीद्वारों ने विदेशी भाषाओं में बी.ए. (आनर्स) के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया;
- प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों में 1,039 पुरुष और 1,046 महिला उम्मीद्वार थीं;

6) अ.पि.वर्ग से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 27% आरक्षण के विरुद्ध 24.26% अ.पि.वर्ग के उम्मीदवारों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया।

7) उपरोक्त के अतिरिक्त, आरक्षित श्रेणी से संबंधित काफी उम्मीदवारों का चुनाव उनकी स्वयं की मेरिट के आधार पर हुआ तथा उन्होंने अनारक्षित उम्मीदवार के रूप में विश्वविद्यालय ज्वाइन किया विवरण निम्न प्रकार है –

अनुसूचित जाति	– 40	अनुसूचित जनजाति	– 40
शारीरिक रूप से विकलांग	– 16	अ.पि.व.	– 169

8) विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले उम्मीद्वारों ने अपनी अर्हक परीक्षा 214 भारतीय विश्वविद्यालयों/ संस्थानों/बोर्डों से पास की थी।

9) प्रवेश पाने वाले 2,085 उम्मीद्वारों में से 996 उम्मीद्वार निम्न और मध्यम आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 12,000 रुपये से कम थी और 1,089 उम्मीद्वार उच्च आय वर्ग के थे, जिनके माता–पिता की मासिक आय 12,000 रुपये से अधिक थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से छात्रों का अनुपात क्रमशः 746 : 1,339 था। केवल 433 उम्मीद्वारों ने अपनी स्कूली शिक्षा पब्लिक स्कूलों से प्राप्त की थी और शेष 1,652 ने अन्य स्कूलों से।

10) विभिन्न अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले 2,085 उम्मीद्वारों के अलावा 188 उम्मीद्वार निम्नलिखित वर्गों से थे :

विदेशी छात्र (22 देशों से)	:	67*+45**
सीधे पी–एच.डी. में प्रवेश	:	76
गत वर्ष ज्वाइन न कर पाने वाले छात्र	:	10
'नेट' परीक्षा उतीर्ण (कनिष्ठ शोधवृत्ति धारक)	:	35
		188

(*67 एब्सेंसिया श्रेणी में)

(** 45 उम्मीद्वार प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आए और ये 2,085 में शामिल हैं)

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय ने 25 मई 2012 को देशभर में 72 केन्द्रों पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय सहित 50 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी), एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर)/एम.वी.एस–सी. और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त जैवप्रौद्योगिकी प्रवेश–परीक्षा आयोजित की।

शैक्षिक वर्ष 2012–2013 के लिए विभिन्न प्रतिभागी विश्वविद्यालयों के अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक उम्मीद्वारों से कुल 9,911 आवेदन–पत्र (एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी) – 7,995; एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर) और एम.वी.एस–सी. – 739 तथा एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) – 1,177) प्राप्त हुए। इनमें से 8,682 उम्मीद्वार (एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी) – 7,168, एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर) और एम.वी.एस–सी. – 606 तथा एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) – 908) प्रवेश–परीक्षा में बैठे और 769 उम्मीद्वारों

(एम.एस–सी. (बायोटेक्नोलॉजी)–557; एम.एस–सी. (एग्रीकल्चर) और एम.वी.एस–सी. – 161 और एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी) – 51) को प्रवेश–प्रस्ताव भेजे गए।

भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान में अंशकालिक पाठ्यक्रम

संस्थान के डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए कुल 418 आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 121 उम्मीद्वारों ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया – सी.ओ.पी. में 73, डी.ओ.पी. में 13 और ए.डी.ओ.पी. में 35।

छात्रों की संख्या

1.9.2012 को विश्वविद्यालय में 7,677 पूर्णकालिक छात्र पंजीकृत थे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों का विवरण इस प्रकार है – 4,609 छात्र शोध कर रहे थे और 2,113 छात्र एम.ए./एम.एस–सी./ एम.सी.ए. और 837 छात्र स्नातक तथा 118 छात्र अंशकालिक स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत थे।

कला एवं सौन्दर्यशास्त्र संस्थान

कला और सौन्दर्यशास्त्र संस्थान सिनेमा अध्ययन, रंगमंच और निष्पादन अध्ययन तथा दृश्य अध्ययन के क्षेत्र में कला अध्ययन के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष केन्द्र के रूप में उभरा है। संस्थान ने प्रतिष्ठित विद्वानों के **16 व्याख्यान, दो कार्यशालाएं, 3 संगोष्ठियां, 2 प्रदर्शनियां, एक परिचर्चा और एक सम्मेलन** आयोजित किया। इन कार्यक्रमों में भारतीय सिनेमा की शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम उल्लेखनीय है। **संस्थान ने छात्रों के लिए लेखन कार्यशाला का आयोजन किया और शिक्षक संस्थान से बाहर के दो अंतराष्ट्रीय सम्मेलनों में सह–समन्वयक रहे तथा सोलो कला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया।** 8 विद्वानों ने संस्थान का दौरा किया। इनमें से तीन विद्वान भारत से बाहर के थे। एक प्रतिष्ठित विद्वान ने टैगोर फेलो के रूप में ज्वाइन किया।

प्रो. एच.एस. शिवप्रकाश को कन्नड़ में पुस्तक लेखन के लिए साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ और डा. वाई. एस. अलोन को अक्टूबर 2012–जनवरी 2013 में एक सत्र के लिए शेनझेन यूनिवर्सिटी, चीन में आईसीसीआर चेयर विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में नामित किया गया। अन्य शिक्षकों को अध्येतावृत्तियां और अंतरराष्ट्रीय अनुदान प्राप्त हुए।

शिक्षकों के 18 आलेख और पुस्तकों में अध्याय तथा इनसाइक्लोपिडिया में प्रविष्टियां छपीं। उन्होंने विश्वविद्यालय से बाहर 68 व्याख्यान दिए और देश और विदेश में 44 सम्मेलनों में भाग लिया।

छात्रों ने देश और विदेश में 2 सम्मेलनों में भाग लिया। 6 छात्रों को अध्येतावृत्तियां प्राप्त हुईं और एक पुरस्कार प्राप्त हुआ।

17 छात्रों ने एम.ए. पाठ्यक्रम पूरा किया और 19 छात्रों को एम.फिल. उपाधि प्राप्त हुईं। इस वर्ष 2 शोधार्थियों ने अपनी डाक्टरल उपाधि पूरी की।

इस वर्ष 28 छात्रों ने एम.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें से 12 पुरूष और 16 महिलाएं थीं और 27 छात्रों ने शोध कार्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें से 14 पुरूष और 13 महिलाएं थीं।





वर्ष 2012–2013 के दौरान शिक्षकों की उपलब्धियां

नमन पी. आहूजा

- जनवरी 2013 में गवर्नमेंट आफ कैटेलोनिया, बार्सिलोना, स्पेन में बार्सिलोना में म्युजियम आफ वर्ल्ड कल्चर्स के भारतीय अनुभाग की व्यवहार्यता पर सलाह देने और म्यूजियम होल्डिंग्स पर दूसरी विस्तृत विशेषज्ञ रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित किया गया।
- मार्च 2013 में यूनिवर्सिटी आफ अल्बेरता, इडमोंटन, कनाडा में प्रतिष्ठित विजिटिग स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया और उन्होंने 22 मार्च 2013 को यूनिवर्सिटी आफ अल्बेरता, कनाडा में आयोजित क्लासिकल एसोसिएशन आफ द कनाडियन वेस्ट के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'आन द मार्जिन्स आफ एन्टीक्यूटी' विषयक मुख्य भाषण दिया।

- मई–जून 2012 में यूनिवर्सिटी आफ ज्युरिख, स्विटजरलैंड द्वारा विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया और उन्होंने डिपार्टमेंट आफ आर्ट हिस्ट्री, यूनिवर्सिटी आफ ज्यूरिख स्विटजरलैंड में 'अर्ली इंडियन बुद्धिस्ट आर्ट' विषयक विशेष क्रेडिट कोर्स में 14 व्याख्यान दिए।

वाई.एस. अलोन

- अक्टूबर 2012–जनवरी 2013 में एक सत्र के लिए शेनझेन यूनिवर्सिटी, चीन में आईसीसीआर चेयर विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में नामित किया गया और इस अवधि के दौरान उन्होंने विभिन्न चीनी विश्वविद्यालयों में व्याख्यान दिए।
- 27 फरवरी, 2013 को एसोसिएशन आफ इंटरडिसिपिलिनरी पॉलिसी रिसर्च ऐंड एक्शन और रिनेसांस कालेज, नागपुर द्वारा होटल तुली इंटरनेशनल में आयोजित 'रिथिंकिंग इंडिया : पर्सपेक्टिव्स फ्राम बिलो' विषयक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में समापन भाषण दिया।

आर.एच. भरूचा

- इंटरनेशनल सेंटर, परफोरमेंस स्टडीज, तांगीर, मोरोक्को में 'परफारमिंग ट्रांसफार्मेशंस' के प्लेनरी सत्र में 'अरब स्प्रिंग' पर मुख्य व्याख्यान दिया।
- जून 2012 में देहलेम ह्यूमिनिटी सेंटर, बर्लिन, जर्मनी में आयोजित 'द अफेक्टिव अफिनिटिज आफ रबीन्द्रनाथ' टैगोर ऐंड आकाकुरा, तेनशिन' में 'परफार्मिंग एशिया' पर मुख्य व्याख्यान दिया।
- सितम्बर 2012 में इंटरनेशनल थीएटर इंस्टीट्यूट, बर्लिन, जर्मनी में 'न्यू स्ट्रेटिजिज आफ इंटरकल्चरल एक्सचेंज इन थिएटर ऐंड परफोरमेंस' विषयक व्याख्यान दिया।

इरा भास्कर

- 20–30 नवम्बर 2012 को 43वें अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म समारोह के लिए भारतीय सिनेमा के शताब्दी पैकेज के अवसर पर 'भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष : एक समारोह' के लिए क्यूरेटोरियल परामर्शदाता रहे।
- जनवरी 2012 – जनवरी 2013 के लिए नेहरू मेमोरियल म्यूजियम ऐंड लाइब्रेरी, तीन मूर्ति में फेलो थे।
- सेंट्रल बोर्ड आफ फिल्म सर्टिफिकेशन के सदस्य।

बिष्णुप्रिया दत्त

- इंटरनेशनल फेडरेशन फार थिएटर रिसर्च की कार्यकारी समिति की 2013–2018 के लिए सदस्य चुनी गईं।
- प्रकाशित – 'थिएटर ऐंड सबअल्टर्न हिस्टोरिज, चेकोव एडपटेशंस इन पोस्ट कलोनियल इंडिया', सलायटन ऐंड मीरजोन (सं.), एडेप्टिंग चेकोव : द टेक्स्ट ऐंड इट्स मूटेशन, रूटलेज, लंदन, अगस्त 2012
- (अनन, रीनेल्ट और सहाय के साथ सह–लेखक), डोजियर : हिस्ट्री, मेमोरी, इवेंट; ए वर्किंग आरकाइव, थिएटर रिसर्च इंटरनेशनल, भाग 37/02, जुलाई 2012

वीना हरिहरन

- 10–12 जनवरी 2013 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 'द इंडियन सिनेमा सेंचुरी : फिल्म, टेक्नोलाजी ऐंड द कंटेम्पोरेरि' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सह–संयोजक रहीं।
- रूटलेज इनसाइक्लोपिडिया आफ फिल्म्स, 2012 और भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष के सीएनएन–आईबीएन डाटाबेस 2012 में इनसाइक्लोपिडिया प्रविष्टियां।
- अतिथि सम्पादक, 'आर्ट, परफोरमेंस ऐंड डाक्यूमेंटरी' वाइड स्क्रिन, विशेष अंक 2012

रंजनी मजूमदार

- 10–12 जनवरी 2013 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 'द इंडियन सिनेमा सेंचुरी : फिल्म, टेक्नोलाजी ऐंड द कंटेम्पोरेरि' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सह–संयोजक रहीं।

- 'मुम्बई नोयर : एन अनकेनी प्रजेंट', हेलियो सन मिग्युविल (सं.) वर्ल्ड फिल्म लोकेशंस : मुम्बई, इंटलेक्ट, न्यूयार्क, 2012
- 'स्टर्डम आफटर लाइवनेस', कंटीन्यूयम : जर्नल आफ मीडिया ऐंड कल्चर स्टडीज, भाग–26, अंक–6, 1–12, आस्ट्रेलिया, 2012

पी.डी. मुखर्जी

- 3–6 अप्रैल 2012 को सामाजिक पद्धति अध्ययन केंद्र, जेएनयू और एसोसिएशन आफ सोशल एंथ्रोपोलाजिस्ट्स आफ ग्रेट ब्रिटेन ऐंड द कॉमन वेल्थ के सहयोग से जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 'आर्ट्स ऐंड एस्थेटिक्स इन ए ग्लोबलाइजिंग वर्ल्ड' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सह–संयोजक रहे और 2 फरवरी 2013 को 5थ एडिसन आफ इंडिया आर्ट फेयर, नई दिल्ली में स्पीकर्स फोरम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया और 'द वेहन ऐंड द वेयर आफ ग्लोबल कंटेम्पोरेरि' विषयक सत्र माड्रेट किया।
- 2–17 मई 2012 के दौरान कार्ल जासपर सेंटर फार ट्रांसकल्चरल स्टडीज, हीडलबर्ग यूनिवर्सिटी में विजिटिंग प्रोफेसर रहे और 13–16 फरवरी 2013 के दौरान न्यूयार्क में आयोजित कालेज आफ आर्ट एसोसिएशन के 101वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सीएए अन्तरराष्ट्रीय ट्रेवल ग्रांट प्रदान की गई।
- 4–6 अक्टूबर 2012 को के आर्ट्स, सियोल, साउथ कोरिया में आयोजित यूरोपियन लीग आफ इंस्टीट्यूशंस आफ आर्ट – एशिया नेटवर्क सिम्पोजियम में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

एस.एस. सावंत

- 30 सितम्बर 2012 को कोलम्बो इंस्टीट्यूट फार द एडवांस्ड स्टडी आफ सोसायटी ऐंड कल्चर, तीरथ इंटरनेशनल आर्टिस्ट्स एसोसिएशन और पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ आर्किओलाजी कोलम्बो, श्रीलंका द्वारा आयोजित 'कनक्टिंग साउथ एशिया : डायनेमिक्स आफ आर्ट ऐंड कल्चर, साउथ एशिया 2012' विषयक अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'ए बीम आफ लाइट : बाबूराव पेंटर ऐंड हिज एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रूथ' शीर्षक आलेख प्रस्तुत किया।
- 17 अप्रैल 2012 को ललित कला अकादमी, कोलकाता में गोधूली व्याख्यान माला के अंतर्गत 'आर्ट कालोबरेशन ऐंड आर्टिस्ट रन स्पेसिस' विषयक व्याख्यान दिया।
- 'इंस्टिट्यूटिंग आर्टिस्ट्स' कलेक्टिव्स : द बंगलौर/बेंगलुरू एक्सपेरिमेंट्स विद 'सोलिडेरिटी इकोनोमिज', ट्रांसकल्चरल स्टडीज (आनलाइन), अंक–1, 2 जुलाई 2012

एच.एस. शिवप्रकाश

- साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

कविता सिंह

- 4 अप्रैल 2012 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में आयोजित एसोसिएशन आफ सोशल एंथ्रोपोलाजिस्ट्स आफ द यूके ऐंड द कॉमनवेल्थ के वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर 'आर्ट्स ऐंड एस्थेटिक्स इन ए ग्लोबलाइजिंग वर्ल्ड' विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'एंथ्रोपोलाजी इन द कंटेम्पोरेरि आर्ट वर्ल्ड' विषयक पैनल की सह–संयोजक रहीं।
- 29 जुलाई – 4 अगस्त 2012 को कलस्टर आफ एक्सिलेंस आन एशिया ऐंड यूरोप द्वारा यूनिवर्सिटी आफ हीडलबर्ग, जर्मनी में आयोजित 'सींग मेटर्स : मेटेरियलिटी ऐंड विजुवल्टी' विषयक समर स्कूल में फेकल्टी मेम्बर।
- 14–15 सितम्बर 2012 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित रिसर्च ग्रुप आन म्यूजियम्स ऐंड हिस्ट्री आफ द इंडियन यूरोपियन एडवांस्ड रिसर्च नेटवर्क आफ द विसेचक कालेज, बर्लिन और किंग्स कालेज, यूनिवर्सिटी आफ लंदन द्वारा आयोजित 'द कंपेरिटिव हिस्ट्री आफ म्यूजियम्स इन इंडिया ऐंड यूरोप' विषयक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की सह–संयोजक रहीं।

जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान

जैव–प्रौद्योगिकी संस्थान को बायोस्पेक्टरम बंगलौर द्वारा कई वर्षों से भारत में पहला स्थान प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के शिक्षकों द्वारा जैव–प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किए गए शोध के मौलिक और अनुप्रयुक्त पक्षों में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। **संस्थान ने वर्ष के दौरान 10 संगोष्ठियां आयोजित कीं। संस्थान के 3 शिक्षकों को विभिन्न पुरस्कार, सम्मान और अध्येतावृत्तियां प्राप्त हुईं – आर भटनागर नेशनल अकादमी आफ साइंसिस, इंडिया के फेलो, इंडियन अकादमी आफ साइंसिस, इंडिया के फेलो; राजीव भट्ट, इंडियन बायोफिजिकल सोसायटी के वर्ष 2013–2015 के लिए सचिव चुने गए; प्रो. के.जे. मुखर्जी 1 अक्टूबर 2012 से 31 दिसम्बर 2012 के लिए यूनिवर्सिटी आफ केम्ब्रिज, यूके में वि.अ.आ. कामनवैल्थ स्टाफ अकादमिक फेलोशिप प्रदान करने के लिए चुने गए।**

इस वर्ष के दौरान संस्थान में 45 शोध परियोजनाएं चल रही हैं। शिक्षकों के 14 आलेख प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने देश और विदेश में 29 सम्मेलनों में भाग लिया है।

2 छात्रों ने देश–विदेश में आयोजित सम्मेलनों में भाग लिया। दोनों छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए – दिव्या गोयल को अक्टूबर 2012 में संघाई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एडवर्ड जेनर पुरस्कार प्राप्त हुआ और मनीष के. जैन को जनवरी 2013 में मुम्बई विश्वविद्यालय में आयोजित इंडियन बायोफिजिक्स सोसायटी की बैठक में सर्वोत्तम पोस्टर पुरस्कार प्राप्त हुआ।

वर्ष के दौरान 5 शोधार्थियों ने अपनी डाक्टरल उपाधि पूरी की और चार ने शोध कार्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें 1 पुरूष और 3 महिलाएं थीं।





वर्ष 2012–2013 के दौरान शिक्षकों की उपलब्धियां

रंजना आर्य

- 2012 में अमेरिकन सोसायटी आफ सेल बायोलाजिस्ट, सेन फ्रांसिसको, यूएसए में 'रोल आफ जीएनई इन सेल एडिसन' विषयक व्याख्यान दिया।
- आर. सिंह और आर. आर्य, 'इफेक्ट आफ जीएनई आन सेल प्रोलिफरेशन ऐंड अपोप्टोसिस', 81वीं वार्षिक सोसायटी आफ बायोलाजिकल केमिस्ट्स, साइंस सिटी, कोलकाता, 8–11 नवम्बर 2012
- सीएसआईआर और आईसीएमआर से शोध अनुदान प्राप्त हुआ।

राजीव भट्ट

- इंडियन बायोफिजिकल सोसायटी के वर्ष 2013–2015 के लिए सचिव चुने गए।

- अध्यक्ष, स्टाफ पदों के लिए चयन समिति, रीजनल सेंटर फार बायोटेक्नोलाजी, गुड़गांव।

राकेश भटनागर

- कुमायूं विश्वविद्यालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड के कुलपति नियुक्त हुए।
- फेलो, नेशनल अकादमी आफ साइंसिस, इंडिया।
- फेलो, इंडियन अकादमी आफ साइंसिस, इंडिया।

अपर्णा दीक्षित

- चार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया और शोध डाटा प्रस्तुत किए।
- कई चयन समितियों और परियोजना प्रायोजक एजेंसियों में विशेषज्ञ सदस्य।

एस.एस. मैत्रा

- दो अंतरराष्ट्रीय हाई इम्पेक्ट जर्नल्स में मूल शोध आलेख प्रकाशित हुए।

के.जे. मुखर्जी

- 1 अक्टूबर 2012 से 31 दिसम्बर 2012 के लिए यूनिवर्सिटी आफ केम्ब्रिज, यूके में वि.अ.आ. कामनवैल्थ स्टाफ अकादमिक फेलोशिप प्रदान करने के लिए चुने गए।
- सदस्य, मॉनिटरिंग कमेटी, डीबीटी–आईसीटी, सेंटर फार एनर्जी बायोसाइंस, मुम्बई और आईसीजीईबी।
- विशेषज्ञ सदस्य, बायोएनर्जी/बायोफ्यूल्स पर डीबीटी कमेटी; डीबीटी के बीआईपीपी कार्यक्रम में बाहरी विशेषज्ञ।

उत्तम के. पति

- सम्पादकीय मण्डल सदस्य, इंटरनेशनल जर्नल आफ फार्मा ऐंड बायोलाजिकल साइंसिस।
- सदस्य, चयन समिति, नेशनल ब्रेन रिसर्च सेंटर और विश्व भारती, 2012
- अंतरराष्ट्रीय हाई इम्पेक्ट जर्नल्स में दो आलेख प्रकाशित हुए।

एस.एम. रजाला

- सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पेपर सत्यापन समिति, 2012
- सदस्य, इंडियन वायरोलाजिकल सोसायटी, इंडिया

स्वाति तिवारी

- 10 दिसम्बर 2012 को इंडिया हेबीटेट सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'बेस्ट प्रेक्टिसिस फार वुमन इन साइंस' विषयक यूएस–इंडिया कार्यशाला में भाग लिया।
- 9–13 फरवरी 2013 को जोधपुर में आयोजित 'यंग इनवेस्टिगेटर्स मीट' की आयोजन समिति के सदस्य।

संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान

संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान में अभिकलनात्मक जीव विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान केंद्र तथा उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग केंद्र हैं। संस्थान शिक्षा और शोध में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग पर फोकस करता है। **संगणकीय एवं समेकित विज्ञान संस्थान ने दो संगोष्ठियां, एक कार्यशाला और एक सम्मेलन आयोजित किया तथा इस वर्ष 6 विद्वानों ने संस्थान का दौरा किया।**

प्रदीप्त बंदोपाध्याय को केमिकल सोसायटी आफ जापान से 2013 के लिए प्रतिष्ठित लेक्चरशिप अवार्ड प्राप्त हुआ।

शिक्षकों के 23 आलेख और पुस्तक में एक अध्याय प्रकाशित हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय से बाहर 7 व्याख्यान दिए और देश–विदेश में 27 सम्मेलनों में भाग लिया।

8 छात्रों ने देश–विदेश में आयोजित सम्मेलनों में भाग लिया।

9 छात्रों को एम.टेक. उपाधियां प्राप्त हुईं। इस वर्ष 2 शोधार्थियों ने डाक्टरल डिग्री पूरी की।





वर्ष 2012–2013 के दौरान शिक्षकों की उपलब्धियां

प्रदीप्त बंदोपाध्याय

- केमिकल सोसायटी आफ जापान से 2013 के लिए प्रतिष्ठित लेक्चरशिप अवार्ड प्राप्त हुआ।
- मार्च 2013 में केमिकल सोसायटी आफ जापान की वार्षिक बैठक में आमंत्रित व्याख्यान दिया।

इन्दिरा घोष

- हाई इम्पेक्ट जर्नल में आलेख प्रकाशित हुए।
- बायोइंफोमेटिक्स स्ट्रीम में रिसर्च फेलोज के लिए डीबीटी द्वारा सहायता प्राप्त बीआईएनसी नेशनल एग्जामिनेशन लिया।
- 1 अंतरराष्ट्रीय स्तर और 3 राष्ट्रीय स्तर की कार्यशालाएं आयोजित कीं।

ए. कृष्णमाचारी

- नेशनल इंस्टीट्यूट आफ बायोलाजिकल्स, नोएडा में बायोइंफोरमेटिक्स सेंटर स्थापित करने के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक में भाग लिया।

ए.एम. लिन

- आईबीएसडी, इंफाल, मणिपुर में 'सेरीबायोटेक्नोलाजी' पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में एक सत्र की अध्यक्षता की और आमंत्रित वक्ता के रूप में भाग लिया।

- सदस्य, ऑपन सोर्स ड्रग डिस्कवरी कंसोर्टियम, सीएसआईआर, भारत।
- सदस्य, पाठ्यक्रम समिति, बायोइंफोरमेटिक्स, पांडिचेरी विश्वविद्यालय।

नरेन्द्र सिंह साहनी

- टेरी द्वारा आयोजित 'मेटाबोलोमिक्स : बेसिक्स ऐंड एप्लीकेशंस टु प्लांट साइंसिस' विषयक कार्यशाला में आमंत्रित व्याख्यान दिया।
- आईआईटी, इलाहाबाद द्वारा आयोजित 'सिस्टम्स बायोलाजी (डब्ल्यूएसबी'13)' विषयक कार्यशाला में आमंत्रित व्याख्यान दिया।

एन. सुब्बाराव

- आलेख प्रकाशित – 'बायोफिजिकल इनसाइट इनटु फ्यूरोसेमाइड बांइंडिंग टु ह्यूमन सेरम एलब्युमिन : ए स्टडी टु अनवील इट्स इंपायर्ड एलब्यूमिन बांइंडिंग इन यूरेमिया' एजे. फिज. केम. बी 2013, 117–2595–2604

लवकेश विग

- आलेख प्रकाशित – 'ए न्यूरोकंप्यूटेशनल अप्रोच टु ऑटोमेटिसिटी इन मोटर स्किल लर्निंग' बायोलाजिकली इंस्पायर्ड कोग्निटिव आर्किटेक्चर्स, भाग–2, अक्टूबर 2012, पृ. 1–12

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान देश में एम.सी.ए. पाठ्यक्रम शुरू करने वाले पहले कुछ संस्थानों में से एक है। संस्थान कंप्यूटर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर एम.टेक. (एम.फिल.) और कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान के क्षेत्र में पी–एच.डी. शोध पाठ्यक्रम भी चलाता है। संस्थान पूरे देश और पड़ोसी तथा अन्य देशों से सर्वोत्तम एवं प्रतिभाशाली छात्रों को प्रवेश के लिए आकर्षित करता है। संस्थान अपने शिक्षण और शोध पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त, पूरे देश से छात्रों के लिए साप्ताहिक शोध संगोष्ठियाँ और राष्ट्रीय संगोष्ठी व तकनीकी समारोह आयोजित करता है।

कंप्यूटर और पद्धति विज्ञान संस्थान ने एक तकनीकी समारोह आयोजित किया और शिक्षकों की एक पुस्तक और 49 आलेख प्रकाशित हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय से बाहर 37 व्याख्यान दिए तथा देश और विदेश में 7 सम्मेलनों में भाग लिया।

36 छात्रों ने अपनी स्नातकोत्तर उपाधि पूरी की और 10 शोधार्थियों ने अपनी डाक्टरल उपाधि पूरी की। 24 छात्रों ने एमसीए कार्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें 19 पुरूष और 5 महिलाएं थीं। 28 छात्रों ने शोध कार्यक्रम में प्रवेश लिया। इनमें 20 पुरूष और 8 महिलाएं थीं।





वर्ष 2012–2013 के दौरान शिक्षकों की उपलब्धियां

आर.के. अग्रवाल

- (रतनदीप अधिकारी के साथ), परफोरमेंस इवेल्यूएशन आफ वेट्स सलेक्शन स्कीम्स फार लिनियर कंबीनेशन आफ मल्टीपल फोरकास्ट्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रिव्यू, डीओआई : 10.1007/एस10462–012–9361–जेड, 2012
- (रतनदीप अधिकारी के साथ), फोरकास्टिंग स्ट्रोंग सीजनल टाइम सीरिज विद आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स, जर्नल आफ साइंटिफिक ऐंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च, 71(10), पृ. 657–666, 2012
- (नमिता अग्रवाल और भारती के साथ), क्लासिफिकेशन आफ एलजिमर्स फ्राम टी2 ट्रांस–एक्सियल ब्रेनएमआर इमेजिज : ए कंपेरेटिव स्टडी आफ फिचर एक्सट्रेक्शन टेक्नीक्स, इंटरनेशनल जर्नल आफ कंप्यूटर विजन ऐंड इमेज प्रोसेसिंग, 2(3), पृ. 37–50, 2012

एस. बालासुन्दरम

- 10–13 दिसम्बर 2012 को सिंगापुर में आयोजित 'एक्सट्रिम लर्निंग मशीन्स (ईएलएम2012)' विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- 5 अक्टूबर 2012 को अकादमिक स्टाफ कालेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आईसीटीए पर पुनश्चर्या कोर्स में 'कंप्यूटर ग्राफिक्स ऐंड इट्स एप्लिकेशंस' विषयक व्याख्यान दिया।

के.के. भारद्वाज

- (विभोर कान्त के साथ), 'फूजी कंप्यूटेशनल माडल्स आफ ट्रस्ट ऐंड डिस्ट्रस्ट फार इनहेंस्ड रिकंडेशंस', इंटरनेशनल जर्नल आफ इंटेलिजेंट सिस्टम्स, जोन विली (आन लाइन फरवरी, 2013), भाग–28, पृ. 332–365, 2013
- (विनती अग्रवाल के साथ), 'ए कोलोबरेटिव फिल्टरिंग फ्रेमवर्क फार फ्रेंड्स रिकमंडेशंस इन सोशल नेटवर्क्स बेस्ड आन इंटरएक्शन इंटेनसिटी ऐंड एडेप्टिव यूजर सिमिलरिटी', सोशल नेटवर्क एनालिसिस ऐंड माइनिंग, स्प्रिंगर–वेरलाग, 2012

कर्मेषु

- 21–22 अप्रैल 2012 को आयोजित 'रिसेंट डिवलपमेंट इन मेथमेटिकल साइंसिस (एनएसआरडीएमएस–2012)' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'मेथमेटिकल माडलिंग ऐंड एप्लीकेशंस' शीर्षक आलेख।
- 16 अगस्त 2012 को अमृत विश्वविद्यालय कैम्पस, कोच्चि, केरल में आयोजित 'सिस्टम्स आर्किटेक्चर्स, एलगोरिदम्स, सिक्योरिटी/प्राइवेसी, ह्यूमन यूजेबिलिटी फैक्टर्स फार स्ट्रिमींग डाटा' विषयक इंडो–यूएस कार्यशाला में 'सिस्टम माडलिंग : एन ओवरव्यू' शीर्षक आलेख।
- 22–23 फरवरी 2013 को अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कालेज, गाजियाबाद में आयोजित तीसरा आईईईई अंतरराष्ट्रीय एडवांस कंप्यूटिंग सम्मेलन (आईएसीसी 2013) में 'जेनरेटिंग पावर ला बिहेवियर इन ब्राडबैंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क्स' विषयक आलेख।

सी.पी. कट्टी

- (पी चक्रबर्ती और पी.सी. सक्सेना के साथ), ऑटोमाटा सिम्यूलेटर्स : क्लासिकल टूल्स फार कंप्यूटर साइंस एज्यूकेशन, ब्रिटिश जर्नल आफ एज्यूकेशन टेक्नोलाजी, 43(1), ई–11–ई–13, 2012
- (एस गुगलानी और पी.सी. सक्सेना के साथ), फूजी स्टेटिस्टिकल डिपेंडेंसी ऐंड नोर्मलाइजेशन इन फूजी स्टेटिस्टिकल डाटाबेस, इंटरनेशनल जर्नल आफ इंटेलिजेंट इंफार्मेशन ऐंड डाटाबेस सिस्टम्स, 6(4), 2012
- (एस गुगलानी के साथ), ए लैंग्युवेज फार फूजी स्टेटिस्टिकल डाटाबेसिस, इंटरनेशनल जर्नल आफ डाटाबेस मेनेजमेंट सिस्टम्स, 6(4), 2013

टी.वी. विजय कुमार

- 13–15 जुलाई 2012 को चेन्नई में आयोजित 'एडवांसिस इन कंप्यूटिंग ऐंड इंफोर्मेशन टेक्नोलाजी (एसीआईटीवाई–2012)' शीर्षक दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता।
